हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 पीएससी प्रीलिम्स से पहले कांकेर में अभ्यर्थियों को मिला सफलता का मंत्र



12 विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाया दम, बनाए वर्किंग मॉडल





## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष 20 फरवरी को लेंगे समीक्षा बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी की अध्यक्षता में 20 फरवरी को दोपहर ढाई बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं का विभागवार समीक्षा किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### आमागढ़ में दो दिवसीय देव मेला 19 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ में वार्षिक दो दिवसीय देव मेला का आयोजन 19 व 20 फरवरी को किया जाएगा। मेला आयोजन को लेकर गांव में तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्राम गायता बिसम राम राना ने जानकारी देते हुए बताया कि आमागढ़ देव मेला में आंगा देवता, परगन डोकरा सहित बारह गांवों के देवी-देवता शामिल होते हैं। परंपरा के अनुसार सभी देवी-देवताओं की उपस्थिति में ढाई परिक्रमा कर मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

### बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम कोदागांव के हाई स्कूल के पास बाइक चालक की लापरवाही से एक्सीडेंट होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलटी 1171 के चालक ने 28 नवंबर को अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कोदागांव के स्कूल पास एक्सीडेंट कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, हुई शिकायत



कांकेर। थाना आमाबेड़ा अंतर्गत 15 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 एम 4538 के चालक चैनूराम के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्रार्थी कोण्डागांव जिला के ईरागांव निवासी 41 वर्षीय लालसाय वट्टी पिता मंगलू राम ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी को आरोपी वाहन चालक चैनूराम ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शांति लौटने के बाद भी रावस में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने उठी मांग

**ग्रामीणों ने प्रशासन से की विकास कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

कभी नक्सल हिंसा और भय के साये में जीने वाला ग्राम पंचायत रावस अब शांति की राह पर आगे बढ़ चुका है। वर्षों बाद जब गांव को नक्सल मुक्त घोषित किया गया, तो ग्रामीणों की आंखों में विकास की नई उम्मीद जगी। शांति लौटने के बावजूद बुनियादी सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ की माँग उठने लगी है।

जिले की सरोना तहसील एवं विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रावस, जो लंबे समय तक नक्सल प्रभावित और अतिसंवेदनशील क्षेत्र के रूप में जाना जाता था, अब पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है। शांति बहाल होने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा, लेकिन हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी गांव में गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। लंबे समय से हाई स्कूल भवन की मांग की जा रही है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। प्राथमिक शाला राऊतपारा के लिए अहाता और बाउंड्रीवाल निर्माण की आवश्यकता बताई जा रही है। विद्यालय घने वन क्षेत्र से सटा होने के कारण जंगली जानवरों की आवाजाही से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है, जिससे अभिभावक चिंतित हैं।



### भूमिपूजन हुआ, कार्य अब तक नहीं हुआ शुरू

ग्राम पंचायत के सरपंच शिवलाल मंडावी ने बताया कि गांव में भूमिपूजन तो हुआ, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। स्कूलपारा से आमागुहान चौक तक, प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन किया गया था, इसके अलावा प्रेमु घर से लिगटु यादव के घर तक तथा परेदोड़ा रोड से कथाराम नेताम के घर तक प्रस्तावित सड़क की माँग आज भी अधूरी है। सड़को के कार्य को जल्द प्रारंभ करने की माँग रखी है।

### विकास से जोड़ें ताकि समृद्धि भी पहुंचे

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार आवेदन और ज्ञापन देकर अवगत कराया, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। हाल ही में आयोजित ग्राम बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग किया कि नक्सल मुक्त रावस को वास्तविक विकास से जोड़ा जाए, ताकि शांति के साथ-साथ समृद्धि भी गांव तक पहुंच सके।

## धर्मांतरण के नाम पर सांस्कृतिक हस्तक्षेप को नहीं मिली संवैधानिक मान्यता

# चेतावनी बोर्ड पर रोक लगाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज, हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/भानुप्रतापपुर

कांकेर की लाल मिट्टी ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि सांस्कृतिक अस्मिता कोई औपचारिक शब्द नहीं, बल्कि जीवित चेतना है। जब परंपरा पर आघात होता है, तो उसका उत्तर केवल भावनात्मक नहीं संवैधानिक भी होता है। 16 फरवरी 2026 को देश की सर्वोच्च न्यायिक चौखट से आया आदेश इसी चेतना की पुष्टि करता है कि ग्राम सभाओं की आवाज, उनके अधिकार और उनकी संस्कृति, सब संविधान की परिधि में सुरक्षित हैं।

- सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट संदेश - धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ प्रलोभन नहीं
- पेसा कानून के तहत ग्राम स्वायत्तता को सर्वोच्च न्यायालय की मजबूती

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के कांकेर अंचल से उठे एक संवेदनशील प्रश्न पर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निर्णायक रुख अपनाते हुए अपील खारिज कर दी है। दिग्बल टांडी विरूद्ध छत्तीसगढ़ सरकार डायरी नंबर 64814/2025 शीर्षक से दायर अपील, जो छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के निर्णय डब्ल्यूपीपीआईएल नंबर 83/2025 एवं 86/2025; दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को चुनौती देती थी, उस पर सुनवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय की पीठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने 16 फरवरी 2026 को आदेश पारित किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस तथा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनी गईं। उच्च न्यायालय की पीठ मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति बिभू दत्ता गुरु ने पहले ही पेसा कानून के अंतर्गत ग्राम सभाओं के अधिकारों को स्वीकार किया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपील निरस्त किए जाने से यह विधिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो गई कि धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ बल, प्रलोभन या कपट से धर्मांतरण का अधिकार नहीं है।



### विवाद की जड़-गांवों में लगे चेतावनी बोर्ड

विवाद का केंद्र उन ग्राम सभाओं के निर्णय थे, जिन्होंने अपने-अपने गांवों के प्रवेश द्वारों पर चेतावनी बोर्ड लगाए थे। इन बोर्डों में बाहरी पादरियों एवं संगठित धर्मांतरण गतिविधियों के संदर्भ में प्रवेश-नियंत्रण की सूचना दर्ज थी। ग्राम सभाओं का कहना था कि लंबे समय से शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक सहायता के नाम पर वैचारिक प्रभाव डाला जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप परिवारों में विभाजन, सामाजिक तनाव और परंपरागत संरचनाओं में दरारें उत्पन्न हुई हैं।

### बलपूर्वक या प्रलोभन से परिवर्तन का अधिकार नहीं

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से यह सिद्ध हो गया कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाएँ अपनी सांस्कृतिक रक्षा के लिए संवैधानिक ढांचे के भीतर चेतावनी दे सकती हैं। अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता देता है, परंतु बलपूर्वक या प्रलोभन से परिवर्तन का अधिकार नहीं। यदि ग्राम सभा को ऐसी गतिविधियों की आशंका है, तो उसका वैधानिक प्रतिरोध न्यायसंगत है।

### बस्तर की आत्मा की वैधानिक स्वीकृति



जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह आदेश केवल कानूनी नहीं, बस्तर की आत्मा की वैधानिक स्वीकृति है। आंगा-देव परंपरा, शीतला माता और बूढ़ा देव की आराधना, गोटुल की सामाजिक व्यवस्था और जनजातीय जीवन-पद्धति हजारों वर्षों से चली आ रही है। योजनाबद्ध तरीके से इन जड़ों को कमजोर करने का प्रयास समाज को स्वीकार नहीं। उन्होंने कहा कि गांवों में प्रलोभन आधारित गतिविधियों के कारण परिवारों में मतभेद बढ़े, त्योहार अलग हुए और ग्राम सभाएँ तक विभाजित हुईं। पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में परंपरा और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का अधिकार अब न्यायिक रूप से पुष्ट है।

# त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण किया जा रहा है तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जा रही है।

- तीन दुकानों पर लगाया 32 हजार का अर्थदंड

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने खाद्य प्रतिष्ठानों पर 32 हजार रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसमें अमानक विक्रय पर कापसी के मिठाई दुकान को 11 हजार रूपए एवं बिना खाद्य लाइसेंस पंजीयन के खाद्य व्यापार करने और अस्वस्थकर दशाओं पर खाद्य विनिर्माण पर अन्य दो खाद्य कारोबारकर्ता को 21 हजार रूपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा पनीर के तीन नमूने तथा खोवा-पेड़ा अमानक पाए जाने पर मसाला विनिर्माता कंपनी संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी सुष्मित देवांगन ने बताया कि जिले में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से निरंतर खाद्य नमूना भी संकलित किया जा रहा है। इस दौरान दाल के विभिन्न प्रतिष्ठानों से पांच नमूने एवं मैदा, आटा, दलिया, तेल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि जिले के 04 खाद्य कारोबार कर्ताओं को सुधार हेतु इंप्रूवमेंट नोटिस भी जारी किया गया है एवं समय-सीमा के भीतर अनुपालन करने निर्देशित किया गया है।

# अल्पदृष्टि बाधित बच्चे अब पढ़ सकेंगे पुस्तक, दिया गया चश्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के विभिन्न शालाओं में अध्ययनरत 442 अल्पदृष्टि बाधित बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। इन सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर कार्यरत बीआरपी व स्पेशल एजुकेटर के सहयोग से आंकलन शिविर के माध्यम से बच्चों का ऑखों का जांच कराकर बच्चों को चश्मा वितरण किया गया। अब ये दिव्यांग बच्चे भी आसानी से पुस्तक पढ़ व लिख सकेंगे तथा अपना दैनिक जीवन के क्रियाकलाप आसानी से कर सकेंगें।

- 442 अल्पदृष्टि बाधित बच्चों को बांटा गया

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में चश्मा वितरण के लिए बच्चों के चयन के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का चिन्हांकन कर विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा आंखो की जांच किया जाकर चश्मा का नम्बर लिया गया। ऐसे बच्चे जिनके आंखों की जांच ⏭ शेष पेज 10 पर



# 10 केंद्रों में 1750 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

**दुर्गूकोंदल।** सीजी बोर्ड रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026 का आयोजन आगामी 20 व 21 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मडावी ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत कुल 10 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। हाई स्कूल परीक्षा में 819 छात्र-छात्राएं तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा में 931 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 1750 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# 25 साल बाद कानून की पकड़ में आए फरार वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

पुलिस ने सटीक सूचना और त्वरित कार्रवाई के बल पर तीन ऐसे स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है, जो बीते 25 वर्षों से कानून की पकड़ से दूर थे। हत्या, लूट और आगजनी जैसे गंभीर अपराधों में वांछित यह आरोपी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं और वर्षों से पुलिस को चकमा देते आ रहे थे। इस कार्रवाई से न केवल पुराने मामलों में न्याय की उम्मीद जगी है, बल्कि अपराधियों में भी सख्त संदेश गया है कि कानून से बच पाना अब आसान नहीं।

- पखांजुर पुलिस ने जेल की सलाखों में भेजा



पुलिस को 15 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि तीन वारंटी छिपकर अपने पैतृक निवास आए हुए हैं। जानकारी मिलते ही पखांजुर पुलिस ने योजना बनाकर घेराबंदी की और दबिश देकर तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों में महाराष्ट्र के थाना धनोरा अंतर्गत ग्राम रूपेनकट्टार निवासी 37 वर्षीय महदू राम उर्फ पिता कुले राम पद्दा शामिल है, जिसके खिलाफ अपराध क्रमांक 258/2003 और 246/2004 के तहत धारा 436, 307 और 34 भादवि के गंभीर मामले दर्ज हैं। दूसरा आरोपी धनोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बोटेहुर निवासी 47 वर्षीय शंकर लाल गुमराह है, जिसके विरुद्ध थाना पखांजुर में अपराध क्रमांक 53/2002, 124/2007, 10/2005 और 125/2007 दर्ज हैं। तीसरा आरोपी ग्राम बोटेहुर निवासी 46 वर्षीय सुकदेव उर्फ ⏭ शेष पेज 10 पर

# आत्मनिर्भर भारत की सोच को जमीन पर उतार रहा सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम

**कांकेर।** जिले में युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक और ठोस पहल सामने आई है। स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया 12 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम न सिर्फ प्रशिक्षण का मंच है, बल्कि यह जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला प्रयास भी माना जा रहा है।

- आर्थिक रूप से मजबूत बनाने ठोस पहल

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिले के रोफरा ग्राम खमढोड़गी में 12 दिवसीय सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कांकेर जैसे जिले में रोजगार सृजन के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। आज का युवा यदि सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन पाए, तो वह स्वयं रोजगार पाने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार देने वाला उद्यमी बन सकता है। प्रतिभागियों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित लघु उद्योगों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें वनोपज प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, अगरबत्ती निर्माण, बांस एवं लकड़ी शिल्प के ⏭ शेष पेज 10 पर



**सही प्रयासों से दूरस्थ क्षेत्रों में भी आ रहे उत्कृष्ट परिणाम**

# हमर लक्ष्य अभियान की असरदार उड़ान तीन छात्रों ने जेईई मेंस में दर्ज की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हमर लक्ष्य अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, दुर्गूकोंदल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज किया है। विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित जेईई मेंस परीक्षा में सफलता हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र की शैक्षणिक पहचान को नई ऊंचाई दी है।

विद्यालय प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय में अध्ययरनरत तीन छात्र भूपेश कुमार कोमरा, करण कुमार कंवर और भूपेश कुमार नायक ने नियमित अध्ययन, अनुशासित दिनचर्या और विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की। सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति स्पष्टता और निरंतर अभ्यास ने उनकी राह आसान की। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा, योजना और समर्पण के साथ किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। ग्रामीण और आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों द्वारा जेईई मेंस जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना क्षेत्र के अन्यके लिए प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। इससे यह संदेश भी मजबूत हुआ है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि सही प्रयासों से दूरस्थ क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट परिणाम संभव हैं।



### छात्रों की मेहनत का परिणाम

विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूर्ण कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### हमर लक्ष्य अभियान का रहा प्रभाव

शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय में संचालित हमर लक्ष्य अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाती है। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और नियमित मूल्यांकन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का हुआ समापन

**फरसगांव।** केशकाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदूभाटा अरंडी में आयोजित 9 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट में प्रतियोगिता का समापन सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में किया गया। केशकाल विधायक नीलकंठ टीकम के हाथों विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार का वितरण किया गया।

### 4 माह से नहीं मिल रही विधवा वृद्धा एवं विकलांग पेंशन

**जगदलपुर।** कोसमी पंचायत के सरपंच नीलम कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नवंबर माह से विधवा, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन की राशि



हितग्राहियों के खातों में जमा नहीं की गई है। इससे पंचायतों में बुजुर्गों और जरूरतमंदों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने कहा कि पेंशनधारियों को समय पर उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। पेंशन ही इन बुजुर्गों का सहारा है, जिससे वे साग-सब्जी और दैनिक जरूरतों की पूर्ति करते हैं। वृद्धावस्था और शारीरिक असमर्थता के कारण अधिकांश हितग्राही कोई अन्य काम करने में सक्षम नहीं हैं। सरपंच ने कहा कि जब सरकार अन्य योजनाओं में नियमित भुगतान कर रही है, तो पेंशनधारियों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताया। उन्होंने तत्काल लंबित राशि जारी करने और भविष्य में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। अन्यथा जनप्रतिनिधियों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### आकांक्षी जिलों के शिक्षा स्तर सुधार पर नई दिल्ली में मंथन



**दुर्गूकोंदल।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के आदेशानुसार देश के आकांक्षी जिलों के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एनसीईआरटी नई दिल्ली में किया गया। इस कार्यशाला में बस्तर संभाग के सातों जिलों के शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 में कक्षा 3, 6 एवं 9 वीं के बच्चों के सीखने के स्तर के आकलन में बस्तर संभाग के जिलों का प्रदर्शन अन्य जिलों की तुलना में अपेक्षाकृत कमजोर रहने के कारणों पर गहन चिंतन करना रहा। अधिकारियों ने सर्वेक्षण के परिणामों का विश्लेषण करते हुए उन कमियों को चिन्हित किया, जिनके कारण सीखने के स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया।

## निधन

### राजेश कुमार सोना

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नपं फरसगांव के वार्ड क्र. 1 के पार्षद राजेश कुमार सोना का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की



खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों एवं शुभचिंतकों में गहरा दुख व्याप्त हैं। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान रावणभाटा से निकाली गयी। जिसके पश्चात फरसगांव नगर के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। वे अपने पीछे भरा-पूरा एवं हंसता-खेलता परिवार छोड़ गए हैं।

# प्रशासनिक निगरानी में शुरू हुआ बोर्ड प्रश्नपत्रों का वितरण

**जिले में 160 स्कूल, 82 बनाए गए परीक्षा केंद्र, पुलिस सुरक्षा के बीच गोपनीयता और पारदर्शिता पर विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रें एवं गोपनीय सामग्री का वितरण 16 फरवरी को समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से प्रारंभ किया गया। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्रें का सुरक्षित वितरण प्रशासनिक निगरानी में किया गया। जानकारी के अनुसार जिले में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर के कुल 160 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 82 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सभी केंद्रों तक प्रश्नपत्र सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### पहला दल बयानार परीक्षा केंद्र के लिए रवाना

सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बयानार परीक्षा केंद्र के लिए गोपनीय सामग्री पुलिस सुरक्षा के साथ भेजी गई। इस दौरान समन्वयक संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि सियाराम नेताम, निर्मल कुमार शार्दुल, प्राचार्य राजेश पाण्डेय, जयंत मजूमदार, राधेश्याम मांझी एवं केंद्राध्यक्ष संतोष सिंह यशवंत देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




### सुरक्षित एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन पर जोर

अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संपन्न की जा रही है, ताकि बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से आयोजित हो सकें।

### जिला प्रशासन की निगरानी में हुआ गोपनीय सामग्री वितरण

गोपनीय सामग्री का वितरण जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में समन्वयक संस्था के प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया। प्रश्नपत्रें को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सीलबंद कर पुलिस बल की निगरानी में रवाना किया गया।

### उत्साह और अनुशासन के साथ शुरू हुआ बहुआयामी आयोजन

# गुंडाधुर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा एवं बौद्धिक उत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में वार्षिक क्रीड़ा एवं बौद्धिक उत्सव का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के कुशल निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी हुमन राम यदु के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसने प्रथम दिवस से ही पूरे महाविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। प्रथम दिवस पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ गोला फेंक, तवा फेंक, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की सराहना प्राप्त की। खेल भावना और अनुशासन प्रत्येक स्पर्धा में देखने को मिला।

■ एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




### बौद्धिक प्रतियोगिताओं में समसामयिक विषयों पर सारगर्भित प्रस्तुति

बौद्धिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध का विषय रहा आधुनिक परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई संभावनाएं एवं चुनौतियां वाद–विवाद का विषय युवा पीढ़ी में सोशल मीडिया का उपयोग नहीं, दुरुपयोग अधिक हो रहा है प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत कर अपनी वैचारिक परिपक्वता और अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय दिया।

### प्राध्यापक वर्गीय क्रिकेट मैच रहा आकर्षण का केंद्र

प्रथम दिवस का मुख्य आकर्षण प्राध्यापक वर्गीय क्रिकेट मैच रहा, जिसमें नियमित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की टीम गुंडाधुर चौंपियंस ने अतिथि व्याख्याताओं की टीम गुंडाधुर वॉरियर्स को रोमांचक मुकाबले में चार रन से पराजित किया। कप्तान डॉ. पुरोहित सोरी ने 51 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि उपकप्तान डॉ. आकाश वासनीकर ने तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

### व्यक्तित्व विकास के लिए खेल और बौद्धिक गतिविधियां आवश्यक

प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल एवं बौद्धिक गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करती हैं तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### द्वितीय दिवस में खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताओं की धूम

उत्सव के दूसरे दिन शतरंज, बैडमिंटन, रस्सा कशी, खो–खो और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं के साथ मेहंदी, रंगोली, पुष्प–सज्जा, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे महाविद्यालय परिवार में उत्साह और रचनात्मकता का वातावरण बना रहेगा।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पेरमापाल में हुई दो दिवसीय वॉलीबॉल स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पंकज चंद्रा, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के मार्गदर्शन में, कपिल चंद्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव तथा सतीश भार्गव उप पुलिस अधीक्षक मर्दापाल के संरक्षण में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत थाना बयानार क्षेत्र के सुदूर अंचल ग्राम पेरमापाल में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ थाना बयानार पुलिस की पहल से युवाओं में दिखा उत्साह

यह आयोजन थाना बयानार के थाना प्रभारी राकेश कुमार राठौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनमें अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करना तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना रहा।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

प्रतियोगिता के दौरान ग्रामवासियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। इस प्रकार के आयोजन से न केवल ग्रामीण क्षेत्रें में सकारात्मक वातावरण बनता है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच आपसी सहयोग एवं सौहार्द भी सुदृढ़ होता है।

# सीआईएसएफ के लापता सब इंसपेक्टर का 36 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट में पदस्थ सीआईएसएफ के एसआई का तीसरे दिन 36 घंटे बाद शव बरामद कर लिया गया। शव की तलाश के लिए ए स डी आ र ए फ , एनडीआरएफ व ओडिशा के गोताखोरों की टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे शव बरामद कर लिया गया। ओडिशा के कोटपाड़ में पीएम के बाद शव को नगरनार स्टील प्लांट लाया गया जहां गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम हरियाणा रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक सब इसंपेक्टर रविवार को अपने पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने ओडिशा के गुलमी वाटरफॉल गए हुए थे। वहां नहाने के दौरान गहराई का अंदाजा नहीं होने से वे तेज बहाव में बह गए जिसके बाद साथी जवानों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के चलते उन्हे डूबने से नहीं बचाया जा सका था। सब इंसपेक्टर आकाश चौधरी रविवार को अपने चार अन्य साथियों के साथ गुलमी वाटरफॉल पिकनिक मनाने गए हुए थे। नहाने के दौरान आकाश तेज बहाव में बह गए। एक साथी ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तेज बहाव के चलते वह उन्हें बचा नहीं सका और वे आगे निकल गए। इसकी सूचना तत्काल कोटपाड़ पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व ओडिशा एसडीआरएफ की टीम लगातार तलाश कर रही थी मंगलवार को 36 घटें के बाद शव को कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया।

■ स्टील प्लांट नगरनार में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम हरियाणा रवाना किया गया शव





### दो साल से नगरनार में थे पदस्थ

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पिछले दो वर्ष से सब इंस्पेक्टर अमन चौधरी पदस्थ थे। घटना की जानकारी मिलते ही सबसे पहले ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम सबसे मौके पर पहुंची जिसके बाद एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम भी पहुंचकर रेस्क्यू आपॅरेशन शुरू कर दिया था।

### गमगीन माहौल में शव किया गया रवाना

स्टील प्लांट परिसर में डीआईजी दयाशंकर मिलाई, कमाण्डेंट आशीष, डिप्टी कमाण्डेंट शनिह एम तथा नगरनार थाना प्रभारी सतोंष सिंह की मौजूदगी में उन्हें सलामी दी गई। इस स्टील प्लांट के अधिकारी व कर्मचालियों के अलावा सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी व जवान भी मौजूद थे। सलामी व श्रद्धाजंलि उपरांत उन्हें गमगीन माहौल में गृहग्राम रूदरोल, थाना झोझूकलान जिला चरखी दादरी हरियाणा के लिए रवाना किया गया।

# ब्लाक स्तरीय बैठक में 24 गांव के नलजल ऑपरेटर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डांडेसरा (धमतरी)

ग्राम पंचायत नलजल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में हुई। बैठक में 24 गांव के ऑपरेटर उपस्थित हुए। ऑपरेटरों ने अपनी-अपनी समस्या बताई, जिसका समाधान सदस्यों के द्वारा किया गया। संघ के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कम उपस्थिति के कारण पदाधिकारियों का चुनाव नहीं किया गया। 24 फरवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान कुरूद में फिर से बैठक कर पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। कुरूद ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत नल-जल ऑपरेटरों से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में टिकेश्वर साहू, योगेश सेन, गोविंद तारक, गौकरण साहू, कमलू राम निषाद, संतोष हिरवानी, दुर्गेश साहू, लेखराम कंडरा, पूरण कंवर, पंचदेव ध्रुव, मिथिलेश यादव, कन्हैया डहरे, टिकेश्वर चन्द्राकर, तुलेश्वर, अवन साहू उपस्थित थे।

# बालक शाला मगरलोड में हुआ चयनित सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में प्रति शनिवार को पधारो पहुना कार्यक्रम होता है। शनिवार 14 फरवरी को चयनित सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र नगरपंचायत मगरलोड भैंसमुंडी निवासी चन्दन कुमार, तामेश कुमार, संजय कुमार और राहुल कुमार का चयन सैन्य सेवा के लिए हुआ। इनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्ष कुमार साहू एसआई थाना मगरलोड थे। अध्यक्षता पूर्व सैनिक खिलावन साहू ने की। विशेष अतिथि तहसील साहू समाज मगरलोड के अध्यक्ष सुरेश साहू, आयकर अधिकारी टुमनचंद साहू, शाला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी भवानी यादव, पोखन साहू, तुलाराम टण्डन, कमलेश मार्कण्डेय थे। प्राचार्य आत्माराम साहू ने स्वागत भाषण दिया। साहित्यकार वीरेन्द्र सरल ने चयनित जवानों के सम्मान में कविता पढ़कर उनमें देश सेवा के प्रति जोश, जज्बा व जुनून भरा। चयनित जवानों ने अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किए गए समर्पण और निरन्तर प्रयास की विस्तार से जानकारी दी। अतिथि भवानी यादव, सुरेश साहू, दक्षकुमार साहू ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में व्याख्याता सियाराम कुर्रे, भोजपाल साहू, मनीषा नवरंग, लवेश गुप्ता, रामेश्वर साहू, विकास कंवर, लक्ष्मीनारायण साहू, विद्या निषाद, प्रवेश ठाकुर, गीतांजलि साहू, अर्चना सोनवर्षा, दुर्गा ध्रुव, मेषराम सेन, मुकेश पटेल, चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमन्त रजक तथा आभार प्रदर्शन सियाराम कुर्रे ने किया।




### लिमतरा के ओम शांति भवन में हुआ ध्वजारोहण

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर लिमतरा के ओम शांति भवन में प्रातः 8 बजे ब्रहाकुमारी अनीता और कीर्ति की उपस्थिति में सरपंच भुनेश्वरी साहू एवं सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर दोनों बीके बहनों ने शिवरात्रि पर्व मनाने की जानकारी दी। शिव बाबा की महानता का वर्णन किया। इस अवसर पर आनंद साहू, राजेश ध्रुवंशी, जीवनलाल, गिरिराज, गोविंद, परसराम, गैंदलाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### अल्पदृष्टि बाधित बच्चे...

नहीं हो पाया, ऐसे अल्पदृष्टि बच्चों का जिला चिकित्सालय में जांच कराया गया तथा सभी पात्र बच्चों के लिए जिला प्रशासन व समग्र शिक्षा के माध्यम से चश्मा उपलब्ध कराया गया। चश्मा पाकर खुशी जाहिर करते हुए भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत छात्रा सोनिका भण्डारी ने बताया कि मुझे पुस्तक पढ़ने-लिखने में बहुत परेशानी होती थी, अब चश्मा मिलने पर मैं आसानी से पुस्तक पढ़ व आसानी से लिख सकती हूॅ, अभी बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसी तरह छात्रा कंचन ध्रुव, संगीता नरेटी, शिखा चौहान और भूपेन्द्र कठेले ने बताया कि अब चश्मा मिलने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है और अब आसानी से अपनी दैनिक जीवन का कार्य कर सकेंगे, इन सभी बच्चों के पालक एवं अभिभावक ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 25 साल बाद कानून...

सुकचरण उर्फ सुंगदेर टेकाम पिता गान्डकु टेकाम है, जिस पर वर्ष 2000 से 2024 तक के विभिन्न मामलों अपराध क्रमांक 53/2000 से 124/2024 में प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल वारंट पर जिला जेल कांकेर भेज दिया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** इस सफल अभियान में थाना पखांजुर के प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में उप-निरीक्षक विजय कुलदीप, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, आरक्षक विश्वनाथ नाग, प्रवीण मण्डावी, नोहर सिन्हा और अभिषेक साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आत्मनिर्भर भारत की...

साथ-साथ सेवा क्षेत्र में उपलब्ध व्यवसायिक अवसर शामिल हैं। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उद्यम स्थापना की प्रक्रिया, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, बैंक ऋण प्रक्रिया, शासकीय योजनाएं, विपणन, डिजिटल भुगतान, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और लागत निर्धारण जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

**आत्मनिर्भर बनने किया प्रेरित :** महिलाओं को विशेष रूप से घर-आधारित लघु उद्योगों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे स्तर से शुरू किया गया व्यवसाय भी सही दिशा और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़कर बड़ा रूप ले सकता है।

**कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने किया विदाई समारोह का आयोजन**

# बालेंगा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित शासकीय हाई स्कूल बालेंगा के प्रांगण में मंगलवार 17 फरवरी को कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रामसिंह खुसार्मे एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की।



**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवलाल मरकाम, अध्यक्षता कर रहे अजय नेताम सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक नाग सर, छबिलाल साहू सर, रूबाब मैम, साहू सर, कश्यप सर, रमेश नेताम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं साथियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाए और विद्यालय जीवन की यादों को संजोते हुए भावुक विदाई ली।

## खबर संक्षेप

### युवक कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**भानुप्रतापपुर।** दुर्गुकोदल क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध रेत खनन और ओवरलोड परिवहन के विरोध में युवा कांग्रेस ने भानुप्रतापपुर मुख्य चौक पर पुतला दहन किया। प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवानी और विधानसभा अध्यक्ष आकाश यदु के नेतृत्व में प्रदर्शन कर एसडीएम व एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होने आरोप लगाया कि रेत ठेकेदार और माइनिंग अधिकारी की मिलीभगत से अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है, जिससे राजस्व हानि के साथ पर्यावरण और लोगों की जान-माल को खतरा बढ़ रहा है।

### योग शिक्षक को डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित



**भानुप्रतापपुर।** जिला कांकेर के ग्राम हरिदासपुर निवासी योग शिक्षक दिनेश बाला को योग विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय से प्रो. डॉ. कप्तान सिंह के मार्गदर्शन में प्राणायाम का सिगरेट सेवन करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं व्यसन पर प्रभाव विषय पर शोध किया। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें डॉक्टरेट से सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् तथा विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

### खड़का में हुई खेल प्रतियोगिता



**कांकेर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत परवी के आश्रित ग्राम खड़का में ग्राम स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, मटकी फोड़ सहित अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना का परिचय दिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में सरपंच राजेन्द्र ध्रुव, उपसरपंच रमसीला मतलामी सहित ग्राम पटेल, गायता व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहन देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### उचित मूल्य दुकान के लिए 6 मार्च तक मौका

**कांकेर।** जिले के विकासखण्ड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत नवागांव की आश्रित ग्राम कोटनखोड़ में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किए जाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ़ द्वारा इच्छुक पात्र एजेंसियाँ को 06 मार्च तक आवेदन करने का मौका दिया गया है। उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति (लेम्पस), महिला स्व-सहायता समूह जिनका पंजीयन ग्राम पंचायत में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत होना चाहिए।

### मावा मोदेल के 200 अभ्यर्थियों ने जाना समय प्रबंधन और संतुलित दिनचर्या का महत्व

# पीएससी प्रीलिम्स से पहले कांकेर में अभ्यर्थियों को मिला सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 22 फरवरी को होने वाली प्रारंभिक परीक्षा से पहले कांकेर जिले के प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी पहल के तहत मावा मोदोल सह सेंटर लाइब्रेरी कोचिंग केंद्र में 17 फरवरी को कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को न केवल विषयगत मार्गदर्शन देना था, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संचार करना भी रहा। यह कार्यशाला न केवल परीक्षा की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हुई, बल्कि भविष्य के प्रशासनिक अधिकारियों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

■ कलेक्टर-सीईओ ने बढ़ाया आत्मविश्वास

कार्यशाल को संबोधित करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए धैर्य, साहस और संयम सबसे अहम गुण हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से प्रश्नों का अभ्यास करें, समय प्रबंधन को अपनी रणनीति का केंद्र बनाएं और अनावश्यक तनाव से बचें। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से की गई पढ़ाई ही स्थायी सफलता दिलाती है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर देना है।

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को पहले पढ़े गए विषयों का नियमित रिवीजन करने, करेंट अफेयर्स पर विशेष ध्यान देने और अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें दूर करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि तैयारी के दौरान आहार-विहार, नींद, स्वास्थ्य और दिनचर्या का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ और एकाग्र मन का विकास होता है। सीईओ मंडावी ने बताया कि मावा मोदोल में कई विद्यार्थी पिछले वर्ष से निरंतर तैयारी कर रहे हैं और पिछले एक माह से यहां मेगा टेस्ट का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे परीक्षार्थियों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिल रहा है। उन्होंने यह घोषणा भी की कि जो विद्यार्थी पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल होंगे, उन्हें जिला प्रशासन द्वारा आगे की तैयारी के लिए आवासीय कोचिंग की सुविधा दी जाएगी, जो पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद और डीएमसी नवनीत पटेल ने बताया कि मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग संस्थान से 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन किया है। सभी विद्यार्थी पूरे समर्पण और मेहनत के साथ तैयारी में जुटे हुए हैं। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर वे निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए घर-घर पहुंच रहे शिक्षक



**भानुप्रतापपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर बच्चों के घर पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। योजना के मुताबिक प्रत्येक आचार्य पांच बच्चों को गोद लेकर 100 प्रतिशत परिणाम के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं।

श्री सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा की जाने वाली एक अनोखी पहल है। आचार्य बच्चों के घर पहुंच कर गुणवत्ता में सुधार लाने तथा एक बेहतर परिणाम देने का पूर्ण जिम्मा उठाया है। इसके लिए शिक्षक बच्चों व पालकों से निरंतर संपर्क बनाकर पढ़ाई से संबंधित कठिनाइयों को हल करते हुए उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत बनाते हैं। बच्चों को बिना भय और घबराहट के विषय संबंधित सभी टॉपिक एवं समस्याओं को सुलझाकर मोटिवेशन कर रहे हैं। मेरिट लिस्ट के लिए चयनित छात्रों को विशेष रूप से शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया लक्ष्य को क्रियान्वयन के लिए उन बच्चों के घर जाकर उनसे विषय संबंधित डाउट पूछ कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके पूर्व भी कठिन समझे जाने वाले विषय गणित, रसायन, अंग्रेजी जैसे विषयों की पढ़ाई व लगातार रिवीजन कराया जा रहा हैं। शिक्षकों द्वारा अवकाश के दिनों में भी पूरे समर्पण भाव से छात्रों को पढ़ाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।

■ बच्चों को परीक्षा तैयारी व याद रखने के लिए दे रहे टिप्स

**बच्चों से ली दैनिक गतिविधियों की जानकारी :** पालकों से बच्चों के दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करने की बात कही गई। संस्था के प्राचार्य थानू राम सिन्हा भी 10 वीं 12 वीं के बच्चों के घर जाकर उन्हें निर्भय पूर्वक परीक्षा दिलाने प्रेरित कर रहे हैं । तथा उन्होंने सभी बच्चों को परीक्षा के अंत तक सोशल मीडिया से दूर रहने की बात कहीं।

## मां सरस्वती मूर्ति स्थापना के साथ 12 वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना के प्रांगण में 17 फरवरी को श्रद्धा, उत्साह और भावनाओं से ओतप्रोत रहा। विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की विधिवत मूर्ति स्थापना एवं पूजन के साथ ही कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम ने विद्यालय परिवार को एक साथ जोड़ते हुए ज्ञान, संस्कृति और संस्कार का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विधि-विधान से पूजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं आमंत्रित अतिथियों ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर ज्ञान की देवी से प्रार्थना की कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहे और विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बने। परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे वातावरण और भी आध्यात्मिक एवं उत्सवमय हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। डीईओ ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को जीवन में सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य सतीश प्रकाश नेताम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना से छात्रों में ज्ञान के प्रति और अधिक श्रद्धा एवं समर्पण की भावना विकसित होगी। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम के पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का वातावरण भावुकता से भरा हुआ था। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, कविता एवं प्रेरणादायक वक्तव्य शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। विदाई समारोह में कक्षा 12 वीं के छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए उन्हें जीवन में ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिंन्हा, व्यापारी संघ सरोना के पदाधिकारी एवन साहु, निलेश गोलछा, नीरज फबयानी, शिक्षक गोपिनाथ मरकाम, पंकज सेन, भुपेंद्र सिंन्हा सहित समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

खातों में जमा राशि के बावजूद नहीं मिल पा रहा पूरा भुगतान

## सहकारी बैंक में नकदी संकट, किसानों को राशि निकालने में हो रही भारी परेशानी



**दुर्गूकोंदल।** क्षेत्र के किसानों को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक की दुर्गूकोंदल शाखा में नकदी की कमी के चलते किसानों सहित खाताधारकों को अपने ही खाते से राशि निकालने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक के बाहर रोजाना सुबह से ही लोगों की लंबी कतार लग रही है, लेकिन दोपहर तक भी कई लोगों को पूरी राशि नहीं मिल पा रही है।

किसानों का कहना है कि धान बिक्री की राशि तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली रकम उनके खातों में जमा हो चुकी है, इसके बावजूद बैंक में पर्याप्त कैश उपलब्ध नहीं होने के कारण भुगतान सीमित किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने बताया कि बैंक कर्मचारियों द्वारा कैश नहीं है कहकर उन्हें बार-बार वापस लौटाया जा रहा है, जिससे समय और मेहनत दोनों व्यर्थ हो रही हैं। ग्रामीण अंचल में इस समय खेती-किसानी का कार्य तेज़ी से चल रहा है। किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों, डीजल सहित अन्य आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए नकद राशि की तत्काल जरूरत होती है। ऐसे समय में बैंक में नकदी संकट होने से किसानों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ किसानों ने बताया कि उन्हें दुकानदारों को समय पर भुगतान नहीं कर पाने के कारण उधारी पर सामान लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बैंक में सीमित भुगतान किया जा रहा है। कई खाताधारकों को निर्धारित सीमा से कम राशि दी जा रही है। इससे न केवल खेती कार्य बल्कि घरेलू जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। कई बुजुर्ग एवं ग्रामीण महिलाएं भी बैंक पहुंच रही हैं, जिन्हें घंटों इंतजार के बाद निराश लौटना पड़ रहा है।

किसानों और खाताधारकों ने मांग की है कि बैंक में पर्याप्त मात्रा में नकदी उपलब्ध कराई जाए ताकि लोगों को बार-बार बैंक के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही उन्होंने प्रशासन से भी इस समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नकदी व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने बैंक प्रबंधन से आग्रह किया है कि शाखा में नियमित रूप से कैश की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनके ही पैसे निकालने में परेशानी न हो और कृषि कार्य समय पर पूरा किया जा सके।



## बच्चों ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा प्रैक्टिसिंग में कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

प्राचार्य पीके विश्वास, मुख्य अतिथि गोपाल जैन प्राचार्य तारसगांव एवं पूनम सिंह, संतानु कलिहारी, तुफैल अहमद रिजवी के उपस्थिति में 10 वीं के विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पूरे वर्ष की गतिविधियों के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। बच्चों ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह भेंट किया और सभी से आशीर्वाद लिया। विदाई कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाया दम, बनाए वर्किंग मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए शानदार मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट सिटी, जल संचयन और सौर ऊर्जा जैसे समसामयिक विषयों पर वर्किंग मॉडल पेश किए। विशेष रूप से कचरे से बिजली बनाने और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों ने अतिथियों का ध्यान खींचा। सुरक्षा सूचक, कार्बन शुद्धिकरण कारखाना और पृथ्वी घूर्णन/जल स्तर सूचक, वाटर फिल्टर और जल शुद्धिकरण मॉडल तैयार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष अजय बाछाड़, उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य कविंद्र सेन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में /"करके सीखने/" की प्रवृत्ति बढ़ती है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहें।

## जल्द मिलेगा नगर को मंगल भवन का तोहफा, स्थल का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगरवासियों को जल्द ही एक नए और उच्च स्तरीय मंगल भवन की सौगात मिलने जा रही है। नगर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पंचायत ने पहल तेज कर दी है। योजनानुसार पुराने सामुदायिक भवन को तोड़कर उसी स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया मंगल भवन बनाया जाएगा। प्रस्तावित भवन में विशाल हॉल, बेहतर बैठक व्यवस्था, आधुनिक शौचालय, पेयजल सुविधा, विद्युत व्यवस्था एवं पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। यह भवन विवाह, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होगा। इसी कड़ी में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भवन के डिजाइन, सुविधाओं और निर्माण प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निर्माण पर जोर दिया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नया मंगल भवन बनने से नगरवासियों को बेहतर और व्यवस्थित स्थान मिलेगा तथा बड़े आयोजनों के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। नगर के कुछ जागरूक नागरिकों का मानना है कि निर्माण योजना के साथ-साथ दीर्घकालिक रखरखाव कि ठोस व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। पूर्व में बने भवनों की स्थिति इस बात की ओर संकेत करती है कि यदि नियमित देखरेख की स्पष्ट योजना न हो तो निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही भवन जर्जर अवस्था में पहुंच जाते हैं। पुराने नगर पंचायत परिसर स्थित मंगल भवन एवं वर्तमान भवन की हालत को देखकर इस आशंका को सहज ही समझा जा सकता है। ऐसे में आवश्यक है कि निर्माण के साथ ही रखरखाव के लिए वार्षिक बजट, जिम्मेदारी तय करने की व्यवस्था तथा उपयोग नियमावली भी तैयार की जाए, ताकि यह नई सौगात लंबे समय तक नगरवासियों के लिए उपयोगी बनी रहे।




